# अध्याय 3

# किरमिच की गेंद

## पाठ आधारित प्रश्न

1. उचित विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए।

(i) दोपहर के समय दिनेश घर में बैठा क्या कर रहा था?

(क) खेल रहा था ☐ (ख) कहानी पढ़ रहा था ☐

(ग) टी.वी. देख रहा था ☐ (घ) गाने सुन रहा था ☐

(ii) दिनेश के घर के बगीचे की क्यारियों के चारों ओर किसके वृक्ष लगे हुए थे?

(क) केले के ☐ (ख) आम के ☐

(ग) नारियल के ☐ (घ) सेब के ☐

(iii) दिनेश के मोहल्ले में बच्चों ने खेलने की सुविधा के लिए क्या बनाया हुआ था?

(क) क्लब ☐ (ख) संस्था ☐

(ग) मंडली ☐ (घ) टोली ☐

(iv) अनिल के अनुसार उस की गेंद कितने महीने पहले खोई थी?

(क) दो महीने ☐ (ख) तीन महीने ☐

(ग) चार महीने ☐ (घ) पाँच महीने ☐

(v) बच्चों के खेलने के क्रम में गेंद कहाँ जा गिरी?

(क) किसी छत पर ☐

(ख) स्कूटर में बनी जालीदार टोकरी में ☐

(ग) नाली में ☐

(घ) कूड़ेदान में ☐

(vi) कौन–सी छुट्टियाँ थीं?

(क) सर्दियों की ☐ (ख) दशहरे की ☐

(ग) गर्मियों की ☐ (घ) क्रिसमस की ☐

(vii) मोहल्ले के बच्चे गेंद से कौन–सा खेल खेल रहे थे?

(क) क्रिकेट ☐ (ख) पिट्ठू ☐

(ग) फुटबाल ☐ (घ) बॉलीबाल ☐

(viii) दीपक ने गेंद पर किस रंग के निशान को अपनी गेंद का निशान बताया?

(क) काले रंग के ☐ (ख) लाल रंग के ☐

(ग) हरे रंग के ☐ (घ) पीले रंग के ☐

2. सही कथन पर सही (✓) तथा गलत कथन पर गलत (×) का निशान लगाइए।

(i) दिनेश बरामदे की चिक सरकाकर बगीचे की ओर भागा। ☐

(ii) दीपक की गेंद दो महीने पहले खोई थी। ☐

(iii) दीपक अपना मतलब सिद्ध करने तथा अवसर पड़ने पर सभी को मित्र बना लेने में चतुर था। ☐

(iv) गेंद हथियाने के लिए दिनेश सुधीर और अनिल का सहारा ले रहा था। ☐

(v) नई गेंद एकदम जोर से उछली और दरवाजा पार कर सड़क पर पहुँच गई। ☐

(vi) दिनेश गेंद जाने पर रोने लगा। ☐

3. नीचे दिए गए शब्दों में से उचित शब्दों का प्रयोग करके रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

कोयले, बल्ला, तवे, झगड़ा, निशान, गेंद, आवाज, निशानी, चतुर, भिंडियों

(i) धरती .......................................................... की तरह तप रही थी।

(ii) सामने की क्यारी में .......................................................... के ऊँचे–ऊँचे पौधे थे।

(iii) दिनेश .......................................................... को हाथ में लिए हुए भीतर आ गया।

(iv) गेंद देखकर .......................................................... बताना कौन–सा कठिन काम है!

(v) सभी गेंदों पर ऐसे ही .......................................................... होते हैं।

(vi) अब चुप भी रहो .......................................................... बाद में कर लेंगे।

(vii) दिनेश ............................................................ से पहचान गया।

4. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

"अरे अरे, बेटा कहाँ जा रहा है? बाहर लू चल रही है" दिनेश की माँ मशीन चलाते–चलाते एकदम जोर से बोलीं, परंतु दिनेश रूका नहीं। उसने पैरों में चप्पल भी नहीं पहनी। जून का महीना था। धरती तवे की तरह तप रही थी पर दिनेश को पैरों के जलने की भी चिंता नहीं थी। वह जहाँ से आवाज आई थी, उसी ओर भाग चला।

(i) भागते दिनेश की माँ ने उससे क्या पूछा?

---------------------------------------------------------

(ii) बाहर मौसम कैसा था?

---------------------------------------------------------

(iii) दिनेश किस ओर भाग चला?

---------------------------------------------------------

(vi) कौनसा महीना था?

---------------------------------------------------------

5. निम्नलिखित पंक्ति को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

बच्चे पहले तो चिल्लाते हुए स्कूटर के पीछे भागे, परन्तु जल्दी ही सब रूक गए।

(i) बच्चे चिल्लाते हुए किसके पीछे भागे?

---------------------------------------------------------

(ii) बच्चे भागते हुए रूक क्यों गए?

---------------------------------------------------------

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

1. बगीचे में आवाज होने के समय दिनेश की माँ क्या कर रही थीं?

2. गड्ढे के ऊपर दिनेश को क्या दिखाई दिया?

3. क्लब में सभी बच्चे गेंद खरीदने के लिए क्या करते थे?

4. दिनेश द्वारा गेंद के बारे में पूछे जाने पर किस–किस ने कहा कि यह खोई गेंद मेरी है?

5. दिनेश कहाँ लेटकर सोचने लगा?

6. क्लब किसने बनाया था?

## लघु उत्तरीय प्रश्न

1. अनिल ने दीपक की बात क्यों काट दी?

2. दिनेश ने अपने मित्रों से क्या पूछा था?

egyanarchive

3. दिनेश को गेंद दीपक की क्यों नहीं लगी?

4. दिनेश की माँ ने उसे बाहर जाने से क्यों रोका था?

5. दिनेश के बग़ीचे में कौन–कौन से पौधे लगे थे?

6. गेंद कैसी थी?

7. दीपक कैसा लड़का था?

egyanarchive

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. गेंद मिलने पर दिनेश के मन में क्या विचार आए?

2. दिनेश ने गेंद से संबंधित झगड़े का अंत कैसे किया?

3. दिनेश ईमानदार था पाठ के आधार पर पुष्टि कीजिए।

4. दिनेश दोपहर में बाहर की ओर क्यों भागा था?

egyanarchive

5. दीपक ने गेंद को अपना बताने के लिए उसके बारे में कौन–कौन सी बातें बताईं?

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

6. अंत में गेंद का क्या हुआ?

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

## भाषा आधारित प्रश्न

1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।

(i) किरमिच .................................. (ii) आज़माया ..................................

(iii) सुविधा .................................. (iv) आरंभ ..................................

(v) टप्पा .................................. (vi) गुट ..................................

2. दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए।

उदारहण : क्यारी क्यारियाँ

(i) छुट्टी .................................. (ii) गेंद ..................................

(iii) बरामदा .................................. (iv) दरवाज़ा ..................................

(v) कहानी .................................. (vi) पौधा ..................................

3. निम्नलिखित गद्यांश में उचित विराम चिन्ह लगाइए।

बराबर में घूँस ने गड्ढे बना रखे थे ढूँढ़ते–ढूँढ़ते जब उसकी निगाह उधर गई तो उसने देखा कि गड्ढे के ऊपर ही एक बिलकुल नई चमचमाती किरमिच की गेंद पड़ी है।

-------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------

4. पाठ में कई जगह एक शब्द का एक से अधिक बार प्रयोग हुआ है; जैसे– चलाते–चलाते। आप भी पाठ में से ऐसे शब्दों को ढूँढ़कर लिखिए।

(i) .................................. .................................. (ii) .................................. ..................................

(iii) .................................. .................................. (iv) .................................. ..................................

5. निम्नलिखित वाक्यों में से व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द ढूँढ़कर लिखो–

1. दीपक के पापा गेंद लेने आए।

-------------------------------------------------------------

2. सुनील और सुधीर मित्र थे।

-------------------------------------------------------------

3. दिल्ली देश की राजधानी है।

-------------------------------------------------------------

4. सभी लड़के कलकत्ता गए थे।

-------------------------------------------------------------

5. कुतुबमीनार बहुत ऊँची है।

-------------------------------------------------------------

egyanarchive

6. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द चुनकर लिखो–

(i) मंदिर के सामने तिमंज़िला मकान है। ..........................................

(ii) उसके पास दुपहिया स्कूटर है। ..........................................

(iii) भारत का झंडा तिरंगा है। ..........................................

(iv) काली कोयल गाती है। ..........................................

(v) सबने लाल तरबूज़ खाया। ..........................................

## मूल्याधारित प्रश्न

1. गर्मी की छुट्टियों में तुम कहाँ जाना पसन्द करते हो और क्यों?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

2. तुम्हें कौन–सा खेल खेलना अच्छा लगता है और क्यों?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

3. खेल भावना से क्या समझते हो? इसका जीवन में क्या महत्व है? अपने शब्दों में लिखों।

_______________________________________________

_______________________________________________

## ज्ञानाधारित प्रश्न

1. अंतर स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाओ–

(क) (i) पेड़ ................................................................................................

(ii) पौधा ................................................................................................

(ख) (iii) चिक़ ................................................................................................

(iv) पर्दा ................................................................................................

2. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलो–

(i) इमारत ................................................

(ii) मुँडेर ................................................

(iii) गेंद ................................................

(iv) बच्चा ................................................

(v) महीना ................................................

(vi) पैसा ................................................

3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो–

(i) ऊँचे .................................. (ii) ईमानदारी ..................................

(iii) मित्र .................................. (iv) खोना ..................................

(v) आरंभ ..................................

## रचनात्मक लेखन

1. एक खोई हुई दो गेंद को लेकर दो बच्चों में हुए वार्तालाप को क्रम से लिखो–




(i) मोहन ........................................................................................................

(ii) सोहन ........................................................................................................

(iii) मोहन ........................................................................................................

(iv) सोहन ........................................................................................................

(v) मोहन ........................................................................................................

(vi) सोहन ........................................................................................................

(vii) मोहन ........................................................................................................

(viii) सोहन ........................................................................................................

(ix) मोहन ........................................................................................................

(x) सोहन ..........................................................................................................................................

2. नीचे दिए गए वाक्यों को उनके सही उत्तर वाले वाक्यों से मिलान कीजिए। क्रिकेट के अलग–अलग खेलों में अलग–अलग तरह की गेंदें प्रयोग में लाई जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | टैस्ट क्रिकेट मैच | – | लाल रंग की गेंद |
| (ii) | टी–20 और वन डे मैच | – | सफ़ेद रंग की गेंद |
| (iii) | दिन और रात वाला मैच | – | गुलाबी रंग की गेंद |
| (iv) | टर्फ़ मैदान में होने वाले मैच | – | पीले रंग की गेंद |

***********

egyanarchive